## अमजद नगर, फरीदनगर, कर्बला ट्रस्ट को शानदार सजावट के लिए अंजुमन कमेटी के द्वारा शील्ड की गई भेंट

# मुहर्रम के जुलूस में शानो-शौकत से निकाली गये ताजिया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

स्थानीय कस्बे व आसपास के ग्रामीण अंचलों में मुहर्रम का जुलूस रविवार को बड़ी शानो-शौकत के साथ निकाला गया ताजिया सवारी का जुलूस सिंगोड़ी के बाजार चौक, से प्रारंभ किया गया। वही पिंडरई डविर,खकरा चौरई,ग्रामीण अंचलों के अखाड़े ताजिया बड़े शानो-शौकत से सिंगोड़ी बस स्टैंड पहुंचा। जहां सदर अंजुमन कमेटी सिंगोड़ी इलमन भाई द्वारा पिंडरई डविर खकरा चौरई के सदरो का साफा पहनाकर व खुशबू लगाकर इस्तकबाल किया गया। इसके बाद अमजद नगर से आगे-आगे अपने अलम (झंडे) तथा पीछे से अखाड़ा ताजिया व वाज़े गाजे साथ बड़ी सानो शौकत के साथरविवार को यौमे आशूरा का जुलूस निकाला गया। जिसमें हजारों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग उपस्थित रहें। वही जुलूस पुरे बस्ती का गस्त करते हुए (कर्बला चौक) बाजार चौक पहुंचा और नौजवानों एवं बच्चों के द्वारा अखाड़े का प्रदर्शन किया गया इसके बाद निमंत्रण में पहुंचे हिंदु भाईयो का गमछा हुड़ाकर मेहमानों का इस्तकबाल किया गया। इसके बाद मेहमानों के द्वारा शेर बाजे की धुन पर शेर नृत्य किया गया। वही इसके बाद समस्त ताजियादारो एवं बाबायो को गमछा हुड़ाकर इस्तकवाल किया गया। वही जमा मस्जिद में पूरे दिन भव्य भंडारा लंगर चलता रहा जिसमें हजारों की संख्या में आसपास के सभी ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने हुसैनी लंगर ग्रहण किया । वहीं देर रात्रि

### नगर कांग्रेस के बीएलए पदाधिकारियों की हुई बैठक



**परासिया :** सोमवार को स्थानीय नगर कांग्रेस कमेटी के बी एल ए पदाधिकारियों की बैठक स्थनिय कांग्रेस कार्यालय में नगर कांग्रेस अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह की उपस्थिति में हुई । जिसमें समूचे परासिया शहर के कुल 32 बूथों के लिए नियुक्त बी एल ए को बूथों पर मतदाता सूची का सर्वे करना , नवीन मतदाओं को जोड़ना सहित अन्य विषयों पर ध्यान रखने की जिम्मेदारी दी गई । इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष कमल राय , समन्यवक बसंत मालवीय , नगर कांग्रेस अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह , युकां अध्यक्ष उत्कर्ष वाल्मीकि , ब्लाक महिला अध्यक्ष अंजली श्रीवास्तव , नगर कांग्रेस महिला अध्यक्ष सावित्री वर्मा प्रभारी , बी एल ए विवेक मिश्रा , सहप्रभारी नगर अध्यक्ष स्वप्निल करानिया , मनीष बैन , बी एल ए पदाधिकारी इस्ताक खान , राज धुर्वे , मोंटी खान , आशीष सिकन्दरपुरे , अमजद खान , बिटल मकौडे , मोहम्मद शकील , सैफ ख़ान , तनवीर अहमद , सुधीर यादव , रामनारायण तिवारी , अम्बर चौरसिया , रजनीश बैस , उमेश हिलसे , गुलाब चौहान , ईदू खान सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे ।

## सड़क निर्माण कंपनी द्वारा खोला गया श्रीराम तिराहा से नगर पहुंच मार्ग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

सड़क निर्माण कंपनी द्वारा बीते लगभग 04 माह पूर्व श्री राम तिराहा से नगर में प्रवेश के मुख्य मार्ग को बंद कर वैकल्पिक मार्ग से आवागमन चालू कराया गया था नगर सहित क्षेत्रवासी लंबे समय से वैकल्पिक मार्ग में सुधार अथवा श्री राम तिराहा से नगर में प्रवेश के मार्ग को खोले जाने की मांग कर रहे थे क्षेत्र वासियों की मांग को ध्यान में रखते हुए कन्हान बचाओ मंच द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंप कर मार्ग खोले जाने की मांग की गई थी जिसके बाद सड़क निर्माण कंपनी द्वारा वर्तमान में उक्त मार्ग को आवागमन हेतु खोल दिया गया है मार्ग खोले जाने के बाद क्षेत्रवासियों ने राहत की साथ ली है।

# विष्णुपुरी खदान में हुई गेट मीटिंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

लेबर कोड बिल , बढ़ती बेरोजगारी और महंगाई के खिलाफ 9 जुलाई को होने वाली देशव्यापी हड़ताल को लेकर सोमवार को विष्णुपुरी भूमिगत कोयला खदान में संयुक्त मोर्चा ने गेट मीटिंग ली ।संयुक्त मोर्चा इंटक , एटक , एच. एम. एस. एवं सीटू श्रम संघ द्वारा नेहरिया भूमिगत खान में द्वार सभा (गेट मीटिंग) की गई । श्रम संघ पदाधिकारियों द्वारा मजदूरों को लेबर कोड बिल एवं देश में बढ़ती बेरोजगारी बढ़ती महगांई के खिलाफ आगामी दिनांक 09.07.2025 को होने वाली हड़ताल के संबंध में जानकारी प्रदान की गई । साथ ही सभी मजदूरों से आव्हान किया गया , कि मजदूर और किसान विरोधी सरकार के खिलाफ आगामी दिनांक 09.07.2025 को होने वाली देश व्यापी हड़ताल को सफल बनाने में पूर्ण रूप से सहयोग प्रदान करें ।इस गेट मीटिंग में इंटक से अलाउद्दीन खान , मनोज तिवारी , एच.एम.एस. से दीनानाथ यादव , आरिज खान एटक से रामकेरा यादव , विनोद सिंह सीटू से मार्कण्डे मिश्रा , अनवर अली , शाखा के समस्त अध्यक्ष/ सचिव एवं कामगार उपस्थित रहे ।

### 82.62 % हुआ मतदान

**न्यूटन / परासिया :-** नगर पंचायत न्यूटन चिखली के वार्ड क्रमांक 4 में पार्षद पद हेतु चुनाव में 82.62% मतदान हुआ ।मतदान शांतिपूर्ण निपट गया । जिसके लिए एसडीएम पुष्पेंद्र निगम ने निर्वाचन अधिकारी सहित चुनाव कर में लगे सभी प्रशासनिक अधिकारियों को और प्रत्याशी एवं उनके समर्थकों को बधाई प्रेषित की । सोमवार को नगर न्यूटन के सतपुड़ा मंगल भवन में हुए मतदान में कुल 512 में से 423 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया । चुनाव का कुल मतदान प्रतिशत 82.62 रहा । 254 पुरुष मतदाताओं में से 211 और 260 महिला मतदाताओं में से 212 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया है । बता दे , कि यहां पार्षद उप चुनाव में भाजपा से निकिता प्रकाश बरखे और कांग्रेस से गायत्री संजय कुमरे चुनाव मैदान में थीं ।



# 18 प्रस्तावों को मिली हरी झंडी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव के सभा कक्ष में आज नगर पालिका अध्यक्ष की प्रमुख उपस्थिति में पी आई सी की बैठक आयोजित की गई जिसमें उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा बैठक में रखे गए 18 महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विचार विमर्श कर सहमति प्रदान की गई नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे की प्रमुख उपस्थिति में आयोजित की गई पी आई सी की बैठक में विभिन्न वार्डों के निर्माण कार्यों की न्यूनतम दर स्वीकृत के प्रस्ताव रखे गए जिसमें वार्ड क्रमांक 3 में आरसीसी नाली, वीयर वाल निर्माण कार्य, स्वच्छ भारत मिशन 2.0 अंतर्गत सोमा टेकड़ी डंम्प साइट पर एमआरएफ कंपोजिट कार्य, वार्ड क्रमांक 9 में आरसीसी नाल निर्माण, वार्ड क्रमांक 3 में आरसीसी नाली निर्माण, वार्ड क्रमांक 1 में पेपर ब्लॉक स्थापना कार्य सहित स्वच्छ भारत मिशन 2.0 अंतर्गत अन्य गतिविधि के साथ प्रधानमंत्री आवास 2.0 अंतर्गत पात्र हितग्राहियों की सूची का अनुमोदन भी किया गया एवं निकाय के विभिन्न वार्डो में किए जाने वाले निर्माण कार्यों में प्राप्त न्यूनतम दर की स्वीकृति आम सहमति से स्वीकृत की गई । बैठक में सभापति श्रीमती लता टांडेकर, श्रीमती दीप्ति कांता साहू, श्रीमती सीमा चौरसिया, श्रीमती नीता कुरोलिया, राजेंद्र सूर्यवंशी, श्रीमती प्रमिला पाल एवं श्रीमती लक्ष्मीबाई चंद्रवंशी सहित मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती नेहा धुर्वे उपयंत्री अनुराग सराय सहित पीडब्ल्यूडी विभाग के कर्मचारी गण उपस्थित रहे ।

## गौशाला में की गई साफ सफाई, गौ माता को खिलाएं गए गुड़ चने के लड्डू



**जुन्नारदेव।** विश्व हिन्दु परिषद बजरंग दल द्वारा 1 जुलाई से 7 जुलाई तक पूरे महाकौशल प्रांत में सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। जुन्नारदेव क्षेत्र में इसकी शुरुआत मठ मंदिरों की साफ सफाई एवं पौधारोपण अभियान के साथ की गई थी। सेवा सप्ताह के सातवे दिवस पर बजरंग दल प्रखण्ड जुन्नारदेव के कार्यकर्ताओ द्वारा गोपाल कृष्ण गौशाला पहुंचकर साफ सफाई की गयी एवं गुड़ चने के लड्डू खिलाकर गौसेवा की गयी, इसके उपरांत कार्यकर्ताओं ने काली मंदिर वार्ड नंबर 8 मे वृक्षारोपड़ किया। सेवा कार्य मे बजरंग दल प्रखण्ड संयोजक राहुल आम्रवंशी, सह संयोजक सौरभ नागवंशी, नंदकिशोर यदुवंशी, कमलेश मसराम, अमित भारती, विशाल यदुवन्शी एवं प्रखण्ड के अन्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## कुम्हारी एवं समनापुर में एफटीके किट का किया गया वितरण

**बालाघाट।** जल जनित बीमारियों से बचाव के लिये लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बालाघाट द्वारा डायरिया रोको अभियान के अंतर्गत निरंतर जल स्त्रोतों के क्लोरिनेशन के कार्य किये जा रहे है। इसी कड़ी में 07 जुलाई को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सहायक यंत्री एवं उपयंत्री द्वारा बालाघाट के ग्राम कुम्हारी एवं समनापुर मे डायरिया रोको अभियान के तहत जल स्त्रोत का एफटीके किट के माध्यम परीक्षण कर ग्रामवासियों को जल जनित बीमारियों के संक्रमण से बचाव के संबंध मे जागरूक किया गया एवं ग्राम तदर्थ समिति को एफटीके किट वितरित किया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की टीम द्वारा ग्रामवासियों को जल जनित बीमारियों के संक्रमण से बचने के लिए निरंतर समझाईश दी जा रही है। जिसमें विभाग द्वारा बताया जा रहा है कि हमेशा साफ व स्वच्छ जल का ही सेवन करे। अपने आस-पास आवश्यक रूप से स्वच्छता बनाए रखे।

# नेत्र रोगी हुए लाभान्वित, निशुल्क नेत्र शिविर संपन्न




हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

लगातार आंखो के मरीजो को लाभान्वित करने के सकारात्मक उद्देश्य से अस्पताल प्रबंधन के द्वारा शासकीय सामुदायिक अस्पताल खैरलांजी में विगत दिवस अस्पताल परिसर में एक दिवसीय निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन डा. बीएमओ डाक्टर खिलेंद्र पाल के मार्गदर्शन में किया गया । निशुल्क नेत्र शिविर में नेत्र चिकित्सक डा.टी.एस बिसेन के द्वारा नेत्र रोगीयो की जांच कर उचित परामर्श प्रदान किया गया। इस दौरान शिविर में 22 नेत्र रोगियो ने ओपीडी में पंजीयन कर उपचार कर उचित परामर्श प्राप्त किया। जिसमें से 8 नेत्र मरीजो को मोतियाबिन्द आपरेशन के लिए चयनित किया गया जिन्हें आपरेशन के लिए रवाना किया गया । बताया गया की निशुल्क नेत्र शिविर में नेत्र रोगियो की जांच कर उचित परामर्श प्रदान किया गया एंव चयनित नेत्र रोगियो को मोतियाबिन्द आपरेशन के लिए जबलपुर भेजा गया । नेत्र रोगियो को लाभान्वित करने के आगामी 17 जुलाई को मुख्यालय में पुन निशुल्क नेत्र जांच शिविर पुन आयोजित किया जाएगा।

## कई वर्षों बाद भी नहीं हो सका जलजमाव समस्या का समाधान

# नगर से जल निकासी की व्यवस्था नहीं, घरों में घुस रहा पानी

हरिभूमि न्यूज लांजी।




जिले में मानसून की गतिविधि तेज हो गई है। प्रतिदिन बारिश दस्तक दे रही है। लेकिन लांजी नगर मुख्यालय से जलनिकासी की व्यवस्था चरमराई हुई है। जानकारी अनुसार बालाघाट रोड वार्ड क्रमांक 20 में नगर परिषद द्वारा पूरे लांजी नगर का पानी निकासी के लिये नाली बनाकर छोड़ दिया गया है। जिससे ग्राम पंचायत बिसोनी के रहवासियों के लिये मुसीबत खड़ी हो चुकी है, लगातार हो रही बारिश से पूरे नगर का पानी खेतों में और रहवासियों के घरों में घुस रहा है जो हर साल की समस्या है। परंतु हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नगर परिषद के अधिकारियों और इंजीनियरों को साल भर इस समस्या के निराकरण की नहीं सूझी और प्यास लगने पर कुंआ खोदने वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए भरी बारिश में जेसीबी और उंगली में गिनने वाले कर्मचारियों को लेकर समस्या के समाधान को लेकर मौका स्थल पर मौजूद हैं। वहीं नगर परिषद द्वारा जहां नगर का पानी निकाला जा रहा है वह भी किसी निजी व्यक्ति के खेत में जा रहा है जिससे खेत पूरी तरह से तालाब में तब्दील हो चुका है। साथ ही यहां आसपास के रहवासियों के घरों में भी बारिश का पानी तेजी से घुस रहा है।

**आज तक जल निकासी की समस्या नहीं हो सकी दूर:** जानकार बताते हैं कि लांजी में नगर परिषद बने हुए डेढ़ दशक से अधिक का समय बीत चुका है परंतु नगर की जल निकासी की समस्या का समाधान आज भी नहीं मिल सका है। जबकि नगर परिषद में विभागीय इंजीनियर के साथ-साथ विभिन्न वार्डों में लाखों करोड़ों का ठेका लेने वाले ठेकेदारों की फौज खड़ी है परंतु किसी के पास इस समस्या का समाधान नहीं मिल पा रहा है। जिसका खामियाजा नगर की जनता को भुगतना पड़ रहा है। वहीं इस समस्या के कारण ग्राम पंचायत बिसोनी के रहवासियों को दिक्कते हो रही है तो यहां के दुकानदार और गुजरने वाले लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

वहीं मौका स्थल पर मौजूद वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद पति लीलाधर डोलस ने इस मामले में अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा की नगर परिषद को भूमि स्वामी द्वारा पिछले कई वर्षो से आवेदन देकर पक्की नाली निर्माण कर पानी निकासी की व्यवस्था बनाने के लिये कहा जा रहा है परंतु नगर परिषद द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जाता। उन्होने कहा की नगर परिषद में वर्तमान में जो इंजीनियर पदस्थ है उन्हें नगर की जलनिकासी की गंभीर समस्या के विषय में कोई गंभीरता नहीं है। जबकि वह यहां काफी समय से पदस्थ हैं। इस कार्य के पीछे पिछले कई वर्षों लाखों रूपये शासन का खर्च हो चुका है परंतु हल आज तक नहीं निकला परंतु कमीशन वाले बिल जरूर पास हुए हैं।

### इनका कहना है

बालाघाट रोड से पानी निकासी की समस्या के लिये नगर परिषद पूरी तरह गंभीर है। उक्त स्थान पर सीसी नाली निर्माण का टेंडर हो चुका है साथ ही वर्क आर्डर भी हो चुका है, परंतु लगातार बारिश होने के कारण कार्य शुरू नहीं हो पाये हैं जैसे ही बारिश का दौर खत्म होता है तेजी से विकास कार्य कराये जाएंगे ताकि नगर की जनता को इस समस्या से निजात मिल सके।

**मयूर वाहने, सीएमओ**
**नगर परिषद लांजी**

## सोनपुरी में 15 दिनों से नल जल की पाइपलाइन फूटी



**किरनापुर।** जनपद पंचायत किरनापुर की सबसे बड़ी पंचायत किरनापुर में सोनपुरी के प्राथमिक शाला के सामने नल जल पाइपलाइन में बहुत बड़ा लीकेज हुआ है, लगभग 15 दिनों से लोग गंदा पानी पी रहे हैं, इसकी सूचना पंप चालक जे के भिमटे द्वारा पंचायत में जानकारी भी दे चुका है, लेकिन ग्राम पंचायत आज तक कोई दिलचस्पी नहीं दिख रही है। ऐसे में गंदा पानी पीने से महामारी फैलने का डर बना हुआ है, ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत से मांग की है कि इस लीकेज को जल्द से जल्द बनाया जाए जिससे लोग साफ सुथरा पानी पी सके।

# लगातार 24 घंटे से जारी मूसलाधार बारिश ने प्रशासन की व्यवस्था की पोल खोल कर रख दिया



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** वारासिवनी नगर के कई घरों में जलभराव की स्थिति देखने को मिल रही हैं, तो कई खेत भी इस बारिश की चपेट में आ गए है। वहीं नदी नालों के उफान के चलते कई मार्ग भी अवरुद्ध हो चुके हैं। लगातार एसडीएम राजीव रंजन पांडे, एसडीओपी अभिषेक चौधरी , थाना प्रभारी वारासिवनी, रामपायली सहित मौसम विभाग स्थिति पर नजर बनाये हुए है। क्षेत्र के कुथूरना नवेगांव मार्ग, थानेगाव , डोंगरमाली, कोसते, महाराजपुर मार्ग पूरी तरह बारिश से प्रभावित है और इन नालों में पानी भरने से आवागमन बंद हो गया है। लालबर्रा मार्ग पर स्थित टोडया नाले पर बाढ़ का पानी आने के बाद भी वाहन आना जाना कर रहे हैं। प्रशासन ने अब तक वहां पर आवागमन पर रोक नहीं लगाई है, जिससे कोई भी दुर्घटना घट सकती है। वारासिवनी नगर व क्षेत्र में पिछले 24 घंटों से हो रही लगातार बारिश ने विकट स्थिति उत्पन्न कर दी। वारासिवनी से कोसते मार्ग का नाला, ग्राम कोठूरना, डोंगरमाली सेलवटपार मार्ग के नालों में बाढ़ आ जाने से आवागमन बंद हो गया है। वारासिवनी नगर के वार्ड नंबर 9 में बनी आंगनवाड़ी और आयुष्मान संजीवनी क्लिनिक के चारों तरफ पानी भर गया है। वारासिवनी से लालबर्रा मार्ग में डॉक्टर नीरज अरोरा के घर के सामने मुख्य सड़क मार्ग पर पानी भर जाने से आसपास रहने वाले नागरिकों के मकानों में पानी घुस रहा है। जिससे उनके घर में रखा सामान खराब हो रहा है। यहां पर पानी निकासी के नाले को एक व्यक्ति द्वारा बंद कर दिए जाने के कारण हर साल बरसात में यह समस्या उत्पन्न हो रही हैं। लेकिन आज तक कई शिकायतों के बाद भी प्रशासन व नगरपालिका ने इस समस्या को स्थाई रूप से सुलझाने का प्रयास नहीं किया है। जिसके कारण यहां रहने वाले वार्ड नंबर 5 व 7 के नागरिकों के घरों में बरसात का पानी घुस कर उनके घर के सामानो को बर्बाद करता है। घरों में पानी घुस जाने से परेशान नागरिकों ने चका जाम कर यातायात को रोक दिया है। जिससे आने जाने वालों को भी परेशानी उठानी पड़ रही हैं। नगर की अनेक सड़के जल मग्न हो गई है। नालियों में पानी भर जाने से सड़कों में पानी फैल रहा हैं और नागरिकों के घरों में घुस रहा है। पहली बारिश ने ही नगरपालिका की साफ सफाई की व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी है। सबसे खराब हालत वार्ड नंबर 3 में बनी हुई दुर्गावती नगर कालोनी और अवंती नगर कालोनी का है। जहां चारों तरफ सिर्फ पानी ही पानी नजर आ रहा है और वहां निवास करने वाले नागरिक अपने अपने घरों में कैद हो गए हैं। स्थिति इतनी खराब है कि पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण जल भराव की स्थिति बनी हुई है। वहां रहने वाले नागरिकों के मकानों में पानी घुस रहा। इस जल भराव की स्थिति से निपटने के लिए नागरिकों ने नगरपालिका प्रशासन व कलेक्टर बालाघाट से भी गुहार लगाई है, लेकिन अब तक प्रशासन ने जल भराव की स्थिति से निपटने के लिए कोई कदम नहीं उठाया है।

## अभिभावकों पर बढ़ रहा आर्थिक बोझ, प्रशासन की चुप्पी संदेहास्पद

# फिर शुरू हुआ निजी स्कूलों में यूनिफार्म और किताबों में कमीशन का खेल

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** शिक्षा विभाग का नया सत्र आरंभ हो चुका है, लेकिन निजी स्कूलों में तैयारियां एक माह पूर्व ही आरंभ हो चुकी थी। वहीं निजी स्कूलों में बच्चों के लिए किताबें, ड्रेस, बेल्ट, ब्लेजर बेचने के लिए क्षेत्र के कई दुकानदार स्कूल संचालकों के साथ मिलकर सांठ-गांठ में जुट गए हैं। एक तरफ जहां मोटे कमीशन का खेल शुरू करने की तैयारियां हो रही हैं, वहीं दूसरी तरफ शिक्षा विभाग अभी तक सुस्त पड़ा हुआ है। विभाग की इस सुस्ती के कारण अभिभावकों को इस वर्ष भी इन स्कूलों के चंगुल से छुटकारा मिलने की संभावना कम ही दिखाई दे रही हैं। क्षेत्र के कई निजी स्कूलों की मनमानी कार्यप्रणाली से अभिभावकों को हर वर्ष भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसमें से कुछ स्कूल नगर के एक-दो चुनिंदा किताब और कपड़ा व्यापारियों से सांठ-गांठ कर अभिभावकों को इन्हीं दुकानों से खरीदारी करने के लिए मजबूर करते हैं।

**कुछ नहीं बोल पाते अभिभावक:** स्कूली ड्रेस खरीदने के लिये स्कूलों की तरफ से दुकानें निर्धारित हो जाती हैं। इन दुकानों पर अभिभावकों को अधिक मूल्य पर सभी समान बेचे जाते हैं। अभिभावक भी बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखकर स्कूल के खिलाफ कुछ नहीं बोलते। वहीं शिक्षा विभाग का यह तर्क होता है कि,अभिभावकों की तरफ से शिकायत नहीं मिलती,। जबकि सबकुछ जानकर भी प्रशासन के आला अधिकारी आंखें बंद किए हुए हैं। लोगों का मानना है कि प्राइवेट स्कूल प्रबंधकों के खिलाफ विभाग के अधिकारी कोई भी कार्रवाई करने से डर रहे हैं। वर्ष 2025-26 सत्र की बात करें तो अधिकतर स्कूल संचालकों ने यूनिफ ॉर्म व किताबों का ठेका अपने करीबी दुकानदारों को दे दिया है। लिहाजा, अभिभावकों को महंगी किताब खरीदने के साथ-साथ ही यूनिफ ॉर्म भी बाजार के दाम से दोगुने में खरीदनी पड़ रही।

**जो ज्यादा कमीशन देगा उसे ही मिलेगा ठेका:** कुछ स्कूलों में यूनिफॉर्म के लिए दुकानदारों द्वारा अधिक पैसे लेने और स्कूलों के साथ सेटिंग करके टेंडर लेने की खबरें आई हैं। यह एक गंभीर समस्या है जो माता-पिता पर आर्थिक बोझ डालती है और छात्रों के लिए असमानता पैदा करती है। कुछ दुकानदार स्कूल प्रबंधन के साथ मिलकर यूनिफ ॉर्म की कीमतें बढ़ाकर कमीशन कमाते हैं।कुछ स्कूल भी यूनिफ ॉर्म के ठेके देने में अनियमितता बरतते हैं, जिससे दुकानदारों को फ ायदा होता है।कुछ स्कूल केवल एक ही आपूर्तिकर्ता से यूनिफ ॉर्म खरीदने के लिए बाध्य करते हैं, जिससे प्रतिस्पर्धा कम हो जाती है और कीमतें बढ़ जाती हैं।कुछ मामलों में, स्कूल प्रबंधन या शिक्षक व्यक्तिगत लाभ के लिए यूनिफ ॉर्म के ठेके देते हैं। स्कूल प्रबंधन को यूनिफ ॉर्म की खरीद में पारदर्शिता बरतनी चाहिए और कीमतों को सार्वजनिक करना चाहिए।

### इनका कहना है

अभिभावक किसी भी दुकान से बच्चों के लिये गणवेश खरीद सकते हैं। किसी एक दुकान या व्यक्ति विशेष के पास से गणवेश खरीदने के लिये स्कूल प्रबंधन उन्हें बाध्य नहीं कर सकता। ऐसी कोई शिकायत मिलती है तो हमारे द्वारा स्कूल प्रबंधन और दुकानदार पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

**अश्विनी उपाध्याय**
**जिला शिक्षा अधिकारी**

**खबर संक्षेप**

## सहायक ग्रेड-2 धमेन्द्र सौंधिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के ग्रेच्युटी राशि सहित अन्य लंबित स्वत्वों को भुगतान की लापरवाही को लेकर तिलवारा बाईं तट नहर संभाग केवलारी में पदस्थ सहायक ग्रेड-2 धमेन्द्र सौंधिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है तथा निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय एसडीएम कार्यालय केवलारी नियत किया गया है।

उल्लेखनीय है कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों द्वारा विगत जन सुनवाई में अपने स्वत्वों के भुगतान न होने की शिकायत की गई थी, जिस पर संबंधित सहायक ग्रेड-2 द्वारा अनावश्यक देरी किया जाने पाए जाने पर निलंबन की कार्यवाही की गई।

# जिला सिवनी पुलिस द्वारा हरियाली महोत्सव का आयोजन, पुलिस लाइन में किया गया वृहद वृक्षारोपण



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के निर्देशन में 06 जुलाई 2025 को जिला पुलिस सिवनी द्वारा हरियाली महोत्सव के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण पहल करते हुए पुलिस लाइन सिवनी में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

मुख्य कार्यक्रम पुलिस लाइन सिवनी में संपन्न हुआ, जिसमें पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के साथ अति.पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा, नगर पुलिस अधीक्षक सु पूजा पांडे, रक्षित निरीक्षक प्रवीण नायडू , थाना प्रभारी डूंडा सिवनी सतीश तिवारी, थाना प्रभारी यातायात विजय बघेल, एसपी ऑफिस एवं पुलिस लाइन का स्टाफ, 8वी वाहिनी का स्टॉफ तथा दिशा लर्निंग सेंटर के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

पुलिस लाइन में लगभग 70 पौधों का रोपण किया गया, जिनमें आम, आंवला, अमरूद, नींबू जैसे फलदार एवं छायादार पौधे सम्मिलित रहे।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता ने पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस केवल कानून-व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक और पर्यावरणीय दायित्वों के निर्वहन में भी अग्रणी भूमिका निभा रही है।



## इधर, वन महोत्सव पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान की शुरुआत - मिश्रा फाम्र्स सिंगोड़ी से उठी एक नई पहल

आज दिनांक 6 जुलाई 2025, रविवार को वन महोत्सव के पावन अवसर पर मिश्रा फाम्र्स, सिंगोड़ी (सिवनी, मध्यप्रदेश) में एक प्रेरणादायी वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान एक पेड़ माँ के नाम के तहत प्रत्येक नागरिक को एक पौधा लगाने के संदेश को आत्मसात करते हुए मिस्त्रा फाम्र्स ने कुल 1000 पौधों के रोपण का संकल्प लिया। इस पुनीत कार्य का शुभारंभ आज फार्म के संचालक सेवानिवृत्त सब इंस्पेक्टर महेन्द्र मिश्रा जी के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के दौरान उनके सुपुत्र पंकज मिश्रा (शिक्षक) द्वारा साथीगण गौरांग मिक्की अहूजा(अभिवक्ता), अरुण सुलंकी(इंटीरियर डिजाइनर , आदिल कुरैशी एवं अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर कुल 150 आम के पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी जनों ने यह संदेश दिया कि प्रकृति को संरक्षित रखने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। एक पेड़ माँ के नाम केवल एक नारा नहीं बल्कि एक भावनात्मक जुड़ाव है - माँ और प्रकृति दोनों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने का एक सुंदर माध्यम। पंकज मिश्रा ने सभी देशवासियों से अपील की कि इस मानसून सत्र में हर नागरिक कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और अपने देश को हरा-भरा बनाए। मिश्रा फाम्र्स का यह संकल्प अगले कुछ दिनों में पूर्ण किया जाएगा, जिसमें कुल 1000 आम के पौधे अलग-अलग स्थानों पर रोपे जाएंगे।




## ग्राम बोरदई महाकालेश्वर टेकरी में पौधारोपण किया गया

म.प्र.जन अभियान परिषद् विकासखंड सिवनी द्वारा एक पेड माँ के नाम अभियान के अंतर्गत ग्राम बोरदई महाकालेश्वर टेकरी में पौधारोपण किया गया। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ अभियान की शुरुआत की। इस पहल का मुख्य उद्देश्य वर्तमान समय में बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग से निजात पाना एवं इस धरा के भविष्य को सुरक्षित रखना है। इस अवसर पर श्री सौरभ शुक्ला,जिला समन्वयक, श्रीमती मोनिका चौरसिया विकासखंड समन्वयक, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व विकास पाठ्यक्रम के परामर्श दाता पीयूष दुबे,राहुल पाण्डे,धीरेन्द्र कुमार चौरसिया छात्रा अर्चना सोनी,छात्र शुभम श्रीवास वाल्मिक सोनी जी,प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष राजेश वन्देवारश शामिल हये।

# खाटू श्याम पैदल यात्रा जा रहे श्रद्धालुओं का ग्राम धारना में ग्रामीण लोगों ने किया स्वागत



**धारना कलां।** महाराष्ट्र के गोंदिया जिले से खाटू श्याम पैदल यात्रा पर निकले श्रद्धालु आज सिवनी जिले के बरघाट विकासखंड ग्राम धारना आज रविवार 2 बजे पहुंचे। पैदल यात्रा में कुणाल पांडे गोंदिया, मुरली चौबे वारासिवनी, लकेश कुशरामें, ने बताया कि विश्व शांति, धर्म प्रचार के उद्देश्य को लेकर खाटू श्याम पैदल यात्रा पर पहली बार जा रहें। ग्रामीण श्रद्धालुओं ने बाबा खाटू श्याम का पूजन किया और खाटू श्याम पैदल यात्रा निकले श्रद्धालुओं का ग्रामीणों ने तिलक पुष्प वस्त्र भेंट कर भव्य स्वागत किया। ग्राम में शोभायात्रा निकली ग्रामीण महिला पुरुष श्रद्धालु शामिल रहे जिसकी जानकारी आज दी गई।

## नगरपालिका परिषद सिवनी के वार्ड क्रमांक-11 में हुआ 57.14 प्रतिशत मतदान

सिवनी। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रमानुसार सोमवार 07 जुलाई को नगरपालिका परिषद सिवनी के वार्ड क्रमांक-11 के पार्षद पद के लिए मतदान प्रक्रिया शांति एवं व्यवस्थित रूप सम्पन्न हुई। तीन मतदान केन्द्रों में 57.14 प्रतिशत मतदान हुआ, कुल 1112 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। पुरूष मतदाताओं की संख्या 609 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 503 रही।

इस अवसर पर प्रेक्षक श्री पी के वर्मा के साथ ही अन्य अधिकारियों सतत रूप से मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# साई नगर किचड़ मे तब्दील,कई बार शिकायत करने के बाद भी नही हुआ समस्या का हल



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कबीर वार्ड ढूंडा सिवनी के सेंट्रल स्कूल के पीछे साई नगर में रोड न बनने से यहां के लोगों को आने-जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इन दिनों लगातार हो रही बारिश के चलते स्कूली छात्रों एवं महिलाओं को तो परेशानियों का सामना करना ही पड़ रहा है बल्कि यहां से गुजरने वाले राहगीरो को भी भारी परेशानी हो रही है कॉलोनी वासियों ने जानकारी देते हुए बताया है कि रोड बनाने हेतु उनके द्वारा कई बार नगर पालिका समेत कई उच्च अधिकारियों को आवेदन निवेदन भी किया जा चुका है एवं वार्ड पार्षद को भी समस्या से अवगत कराया जाकर आवेदन दिया गया है लेकिन अब तक रोड न बनने से वार्ड वासियों में आक्रोश भी पनप रहा है।

# बालक माध्यमिक शाला में किया गया शैक्षणिक सामग्रियों का वितरण

**सोनखार।** विकासखंड केवलारी अंतर्गत उगली मुख्यालय में बालक माध्यमिक शाला परिसर पर कनक फाउंडेशन एंड वेलफेयर एजुकेशन के सौजन्य से क्षेत्रीय गणमान्य नागरिकों पुलिस थाना प्रभारी उगली के थाना प्रभारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष क्षेत्रीय पत्रकार और वरिष्ठ जनों की गरिमामयी उपस्थिति में नए शैक्षणिक सत्र के आरंभ पर छात्र-छात्राओं की प्रोत्साहन के लिए निशुल्क शैक्षणिक सामग्री स्कूल बैग कॉपियां पेन कंपास आदि का वितरण करके बच्चों के मनोबल और शिक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

इस कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम थाना प्रभारी ने कनक फाउंडेशन को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए बच्चों सहित शाला परिवार को धन्यवाद दिया, तत्पश्चात पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय उइके ने उद्बोधन में बच्चों के स्वर्णिम भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी, तत्पश्चात जिला मेडिकल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अजय भगत के द्वारा भी बच्चों का मनोबल बढ़ाया गया, उपस्थित पत्रकार राजदीप राहंगडाले ने अपने उद्गार में कनक फाउंडेशन और बच्चों के उत्साह वर्धन के लिए सभी को साधू वाद दिया, युवा पत्रकार अजय नागेश्वर ने भी सभी उपस्थित अतिथियों को धन्यवाद देते हुए इस कार्य की सराहना की, जन शिक्षक राजेश तिवारी, प्रधान पाठक महेश भोयर, शिक्षक रामकुमार क्षीरसागर शिक्षक खुमेंद्र बिसेन, श्रीमती मेश्राम मैडम और कनक फाउंडेशन वेलफेयर समिति के सभी पदाधिकारी गण संचालक प्रभाकर बिसेन श्रीमती बिसेन और उनके सभी वॉलिंटियर्स की उपस्थिति में यह कार्यक्रम किया गया जिसकी सभी ने प्रशंसा किए।

# बरघाट पुलिस ने गौवंश वध एवं गौमांश का विक्रय करने वाले आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही कर किया गिरफ्तार, भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

बरघाट पुलिस को दिनांक 05/07/2025 को ग्राम भ्रमण के दौरान ग्राम बोरीकलां में मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बोरीकला का कईम खान अपने साथी के साथ मिलकर बोरीकला में अपने घर के पीछे कोठे (छपरी) में गौवंश वध कर रहा है। उक्त सूचना की प्राति पर पुलिस अधीक्षक सिवनी थी सुनील मेहता एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के द्वारा थाना प्रभारी बरघाट को त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी पुलिस ललित गउरे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बरघाट के नेतृत्व में तत्काल थाना स्तर पर पुलिस टीम द्वारा मूखबिर के बताए गये स्थान पर दबिश दी गई मकान की घेराबंदी कर दीवार के उपर से झांककर देखने पर फईम खान के घर के पीछे कोठे (छपरी) में दो व्यक्ति गौवंश वध करते दिखाई दिये पुलिस को देखकर एक व्यक्ति दीवार कूदकर भाग गया पीछा करने पर नहीं मिला अंधेरा का कायदा उठाकर भाग गया एक व्यक्ति मौके पर मिला नाम पता पूछने पर अपना नाम फईम पिता कयुम मुसलमान उम्र 47 साल निवासी बोरीकला बताया भागने वाले व्यक्ति के संबंध में पूछने पर उसका नाम नब्बू मुसलमान निवासी उर्दू स्कूल के सामने बोरीकला बताया मौके पर दो प्लास्टिक की बोरियों में कटा हुआ गौमांश भरा था एवं गौवंश काटने के हथियार पड़े हुए थे, आरोपी फईम खान से पूछताछ करने पर काटे गया मांश गौवंश (नाटा) का होना और मांश घर के सामने तरफ खड़ी टी0व्ही0एस0 स्कूटी क्रमांक एमपी-22 जेड.डी. 8415 की डिक्की में भरकर रखना तथा गौमांश को जनता नगर कुंडासिवनी निवासी अरमान खान पिता सादिक खान को बेचना बताया।

मौके पर आरोपी फईम खान के कब्जे से 112.98 किलो गौमांश, गौमांश काटने ने प्रयुक्त हथियार एवं एक टी.व्ही.एस. स्कूटी क. एमपी-22 जेड.डी. 8415 को गवाहो की उपस्थिति में जप्त किया गया है। बाद आरोपी नब्बू खान की तलाश पतासाजी उसके घर पर किये जो नहीं मिला बाद आरोपी अरमान खान निवासी डूंडासिवनी की तलाश पतासाजी किये जो घर पर उपस्थित मिला पूछताछ करने पर अपराध करना स्वीकार किया। बाद आरोपी फईम खान, अरमान खान एवं नब्बू खान के विरूद्ध धारा 4,5,9 म.प्र. गाँवश वध प्रति. अधि., 11 (1) (घ) पशुओं के प्रति कुरता निवा.अधि. 325,3(5) बीएनएस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

गिरफ्तार आरोपीगण कईम खान एवं अरमान खान को गिरफ्तार कर त्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। गिरफ्तार आरोपीगण फईम खान पिता कय्यूम खान उम्र 47 साल निवासी बोरीकली थाना बरघाट 2. अरमान खान पिता सादिक खान उम्र 19 साल निवासी जनता नगर डूंडासिवनी फरार आरोपी नब्बू खान पिता नसीम खान निवासी बोरीकों थाना बरघाट आरोपी फईम खान का आपराधिक रिकार्ड (1) अप.क्र. 05/16 धारा 13 जुआ एक्ट (2). अप.क्र. 147/20 धारा 13 जुआ एक्ट (3) अप.क्र. 83/22 धारा 4,5,9 म.प्र. गाँवश वध प्रति. अधि. 11 (1) (घ) पशुओ के प्रति क्रूरता निवश, अधि. 429,34 भादवि., (4) कुंडासिवनी अप.क. 336/24 धारा 4,5,9 म.प्र. गौवश वध प्रति. अधि., 11(1)(घ) पशुओ के प्रति क्रूरता निवा. अधि. 325 बीएनएस. जतशुदा गौवंश एवं अन्य सामग्री (1) 112.98 किलो गौमांश किमती 17,000 रूपये (2) गौवंश के अवशेष एवं गौवंश काटने के औजार (3) घटना में प्रयुक्त टी.व्ही.एस. स्कूटी क. एमपी-22 जेड.डी. 8415 किमती 1,25,000 रूपये।

# हाइवे पर नशे का अड्डा, ढाबों में चल रहे गुप्त अहाते, प्रशासन बेखबर

**सिवनी/बरघाट।** बरघाट क्षेत्र में इन दिनों नशे का अवैध कारोबार बेलगाम होता जा रहा है। शराब ठेकों से अंग्रेजी शराब सीधे हाइवे किनारे ढाबों तक सप्लाई की जा रही है, जहां ग्राहकों को खुलेआम बैठाकर शराब पिलाई जा रही है।



बरघाट से बहरई गांव तक के हाईवे पर स्थित कई ढाबों में सेपरेट रूम बनाए गए हैं, जहां आरामदायक माहौल में लोग शराबखोरी कर रहे हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि इन ढाबों में नाबालिग बच्चे भी रात के अंधेरे में पहुंचकर शराब का सेवन कर रहे हैं।

**बिना अनुमति चल रहे हैं 'अहाते', अधिकारी बेखबर!**

बरघाट क्षेत्र में ढाबों के भीतर बिना अनुमति चल रहे अहातों में शराब परोसी जा रही है। सिवनी-बालाघाट हाईवे पर संचालित कई ढाबों में न केवल युवाओं को, बल्कि नाबालिगों को भी शराब परोसी जा रही है।

इन ढाबों में बैठकर नशा करने के बाद लोग नशे की हालत में वाहन चलाकर लौटते हैं, जिससे सडक़ हादसों का खतरा बढ़ता जा रहा है। आबकारी विभाग और प्रशासन की अनदेखी के चलते ये ढाबे खुलेआम शराबखोरी के अड्डे बनते जा रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

# वर्षा ऋतु में वाहन संचालन के दौरान दुर्घटनाओं की आशंका को लेकर एडवाइजरी जारी

## वाहनों में ओवरलोडिंग पूर्णत: वर्जित रहेगी

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सिवनी द्वारा वर्षा ऋतु में वाहन संचालन के दौरान दुर्घटनाओं की आशंका के मद्देनजर रोकथाम एवं बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सिवनी द्वारा जारी एडवाइजरी अनुसार जलमग्न पुल-पुलियों या रपटों पर किसी भी स्थिति में वाहन न चलाये जाए, वाहनों की तकनीकी फिटनेस की पूर्व जांच कर उन्हें ही संचालन मे लाएं, वाहनों में ओवरलोडिंग पूर्णतः वर्जित रहेगी। गीली सडक़ों पर गाड़ी चलाते समय गति कम रखें और अचानक मुडऩे या ब्रेक लगाने से बचें। आगे चल रहे वाहन से सुरक्षित दूरी बनाएं रखें ताकि अचानक ब्रेक लगाने की आवश्यकता पडऩे पर पर्याप्त समय मिल सके। बारिश में विंडशील्ड वाइपर का उपयोग करें और सुनिश्चित करें कि आपकी हेडलाइट्स और टेललाइट्स ठीक से काम कर रही हैं। टायरों में पर्याप्त हवा भरें और उनकी स्थिति की जांच करें ताकि फिसलन से बचा जा सके। बारिश में गाड़ी चलाते समय अन्य वाहनों और पैदल चलने वालों के प्रति जरूरी सावधानी बरतें। बारिश में अपने वाहन की हेडलाइट्स को

## ड्रीमलैंड सिटी पार्ट ए के भूखण्डों के क्रय-विक्रय में रोक

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सिवनी ने ड्रीमलैंड सिटी पार्ट ए के भूमि खसरा नंबर 18/1, 20/1, 20/2, 21/1, 21/2, 21/3 कुल रकबा 11.021 हेक्टेयर के समस्त भूखण्डों के क्रय-विक्रय को आगामी आदेश तक रोके जाने के आदेश जारी किए हैं। न्यायालय कलेक्टर एवं सक्षम प्राधिकारी जिला सिवनी द्वारा ग्राम पंचायत डोरली छतरपुर को कालोनी हस्तांतरण आदेश को निरस्त करने के परिपालन में उक्त आदेश जारी किए गए

## जिले में 428.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भू-अभिलेख कार्यालय सिवनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 01 जून से 07 जुलाई 25 तक 428.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है।

विकासखंडवार वर्षा की प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 07 जुलाई तक विकासखंड सिवनी में 346.0 मि.मी, कुरई में 127.0 मि.मी., बरघाट में 197.1 मि.मी., केवलारी में 531.8 मि.मी., छपारा 543.9 मि.मी, लखनादौन में 420.1 मिमी, धनौरा में 540.9 मिमी एवं घंसौर में 724 मिमी. वर्षा, इस प्रकार कुल 3430.8 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। ज्ञात हो विगत वर्ष 07 जुलाई 2024 तक कुल 2309.8 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई थी।

# बच्चे पढ़ाई के अलावा भी कुछ सीख सकें ऐसा प्रयास करें: महाराज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** श्री पाश्र्वनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर मे महासमाधि धारपरम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज द्वारा दीक्षित परम पूज्य आचार्य श्री समयसागर जी महामुनिराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य परम पूज्य मुनिश्री धर्मसागर जी महाराज एवं परम पूज्य मुनि श्री भावसागर जी महाराज के सानिध्य में 6 जुलाई 2025 को प्रातः काल की बेला में मांगलिक क्रियाएँ संपन्न हुई ।पाठशाला के बच्चो ने अभिषेक किया पूजन की दोपहर में नंदीश्वर विधान चल रहा है , मुनि श्री विश्रांत सागर जी महाराज का नगर में आगमन होगा । इस अवसर पर धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनिश्री भाव सागर जी महाराज ने कहा कि बच्चों को ऐसी पढ़ाई करवाए कि जिससे वह पढ़ाई के अलावा भी कुछ सीख सकें जिससे उनका आगामी जीवन अच्छा बन सके वह हताश होकर आत्महत्या नहीं करें ।माता पिता बच्चो के ऊपर बहुत धन खर्च करते है लेकिन जब बच्चे माता पिता के साथ गलत व्यवहार करते है तो उनको कष्ट होता है 7 डिग्री के अलावा बहुत से ऐसे कार्य होते हैं जो करते रहना चाहिए।



कॉलेज कोड पी 554
प्रवेश प्रारंभ
डी.पी.चतुर्वेदी महाविद्यालय सिवनी
बी.ए. बी.एस.सी एम.ए.
एम.एस.(गणित, भौतिक.रसायन)
बी.कॉम एम.कॉम
डी.एड.(सभी ऑनलाईप्रक्रिया)
Major & Miner - (Each)
Open Elective Web Designing, Nursing & Hygiene, Public Administration, M.S. Office, Computer Fundamental, Multimedia, Animation
CONTACT-9424904765, 94799887990, 9407807850
9685863421, 8770294939, 9752264388, 9479467886

## धार पहुंचते ही करवा बढ़ता चला गया हजारों कार्यकर्ता के साथ किया नगर में प्रवेश

# प्रदेश अध्यक्ष के प्रथम नगर आगमन पर सम्मिलित हुए सुजीत जैन

सुजीत जैन प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के प्रथम नगर आगमन पर हुए सम्मिलित भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक श्री हेमंत खण्डेलवाल एवं केंद्रीय मंत्री श्री दुर्गादास उइके ने बैतूल जिला कार्यालय में आयोजित स्वागत समारोह को किया संबोधित भाजपा कार्यकर्ता मेरा जीवन व प्राण, उनके सम्मान में कभी कमी नहीं आने दूंगा कार्यकर्ताओं और जनता ने जो प्यार, स्नेह दिया उसका कर्ज जीवन भर नहीं उतार पाऊंगा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत दुनिया का सिरमौर बनेगा कमल की चमक को और आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी आप सभी कार्यकर्ताओं की हे श्री हेमंत खण्डेलवाल



सिवनी भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक श्री हेमंत खण्डेलवाल एवं केंद्रीय मंत्री श्री दुर्गादास उइके ने रविवार को बैतूल जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित स्वागत समारोह को संबोधित किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक श्री हेमंत खण्डेलवाल के बैतूल में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने प्रथम नगर आगमन पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री खण्डेलवाल का तुलादान कर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक श्री हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता मेरा जीवन व प्राण है। उनके सम्मान में कभी कमी नहीं आने दूंगा। पार्टी कार्यकर्ताओं और जनता ने जो प्यार, स्नेह दिया उसका कर्ज जीवन भर नहीं उतार पाऊंगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत दुनिया का सिरमौर बनेगा। कार्यक्रम को केंद्रीय मंत्री श्री दुर्गादास उइके ने भी संबोधित किया।

हमारी सुविधाएं
टी.एम.टी.,सोनोग्राफी, 2-D इकोकार्डियोग्राफी,हड्डी के समस्त ऑपरेशन,महिला एवं प्रसूती,रोग जनरल फिजिशियन सर्जरी, आई.सी.यू.,एनआईसीयू,मॉड्यूलर, ओटीसी.टी.,स्केन,डायलिसिस, पैथोलॉजी सभी प्रकार की जांच सुविधा
जिले का एक मात्र सर्वसुविधायुक्त अस्पताल
बिसेन मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
अब सिवनी में भी नागपुर जैसी सुविधा
24 घंटे आपकी सेवा में यहाँ पर सभी ऑपरेशन और भर्ती मुफ्त में आयुष्मान योजना के तहत उपलब्ध कराई जाती है। आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए यह सुविधा केन्द्र शासन के दिशा निर्देश के तहत दी जा रही है।
एस.पी. बंगला रोड, बारापत्थर सिवनी 6266248010, 9174594814

## खबर संक्षेप

### समर्थन मूल्य पर मूंग एवं उड़द की खरीदी के लिए गोंगलई मंडी में बनाया गया केंद्र

**बालाघाट।** शासन के निर्देशों के अनुरूप वर्ष 2025 में ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द की समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए बालाघाट जिले में कृषि उपज मंडी समिति गोंगलई में गोदाम स्तर पर खरीदी केंद्र बनाया गया है। इस केंद्र पर पंजीकृत किसानों से 07 जुलाई से खरीदी प्रारंभ कर दी गई है। समर्थन मूल्य पर ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द की खरीदी 08 अगस्त 2025 तक की जाएगी। शासन द्वारा अच्छी गुणवत्ता की ग्रीष्मकालीन मूंग का समर्थन मूल्य 8682 रुपये प्रति क्विंटल तथा उड़द का मूल्य 7400 रुपये प्रति क्विंटल रखा गया है। जिले के पंजीकृत किसान इस केंद्र पर ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द का विक्रय कर समर्थन मूल्य का लाभ ले सकते है। खरीदी के दौरान किसानों को अपनी समग्र आईडी, आधार नम्बर, बैंक खाता, मोबाईल नम्बर की जानकारी देना होगा। गोंगलई केंद्र में समर्थन मूल्य पर मूंग एवं उड़द के उपार्जन के लिए कृषि विस्तार अधिकारी श्री अभिलाष सूर्यवंशी को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

### बाढ़ आपदा राहत के लिए कंट्रोल रूम के दूरभाष नम्बर 07632-240102 पर से किया जा सकता है सम्पर्क

**बालाघाट।** वर्षा ऋतु के दौरान बाढ़ एवं प्राकृतिक आपदा की स्थिति निर्मित होने पर बचाव एवं राहत के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम बनाया गया है। कंट्रोल रूम से दूरभाष नम्बर 07632-240102 पर सम्पर्क किया जा सकता है। यह कंट्रोल रूम 24 घंटे क्रियाशील रहता है। जिले में कहीं पर भी बाढ़ या अन्य किसी प्राकृतिक आपदा की स्थिति निर्मित होती है तो बचाव एवं राहत के लिए कंट्रोल रूम के दूरभाष नम्बर पर सूचना दी जा सकती है।

### भारी वर्षा के कारण कलेक्टर ने स्कूलों के लिए 02 दिन का अवकाश घोषित किया

**बालाघाट।** जिले में हो रही भारी वर्षा के कारण विद्यार्थियों की सुरक्षा को देखते हुए कलेक्टर श्री मृणाल मीणा ने दिनांक 07 एवं 08 जुलाई को जिले के सभी शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त, सीबीएसई, केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए अवकाश घोषित किया है। यह अवकाश केवल विद्यार्थियों के लिए है, शिक्षक एवं कर्मचारीगण विद्यालय में उपस्थित रहेंगे।

### जिले में अब तक 300 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड

**बालाघाट।** चालू वर्षा सत्र के दौरान बालाघाट जिले में 01 जून से 07 जुलाई 2025 तक 300 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 201 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई थी। जिले की औसत सामान्य वर्षा 1447 मिलीमीटर है। 07 जुलाई को प्रातः 08 बजे समाप्त हुए 24 घंटे के दौरान जिले में 84 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई है। कार्यालय अधीक्षक भू- अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 07 जुलाई को प्रातः 8:00 बजे समाप्त हुए 24 घंटे के दौरान बालाघाट तहसील में 145 मिलीमीटर, वारासिवनी में 155 मिलीमीटर, बैहर में 87 मिलीमीटर, लांजी में 20 मिलीमीटर, कटंगी में 27 मिलीमीटर, किरनापुर में 112 मिलीमीटर, खैरलांजी में 48 मिलीमीटर, लालबर्रा में 107 मिलीमीटर, बिरसा में 87 मिलीमीटर, परसवाड़ा में 85 मिलीमीटर एवं तिरोड़ी तहसील में 52 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई है। इस प्रकार जिले में बीते 24 घंटे में 84 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। जिसमें सबसे अधिक 155 मिलीमीटर वर्षा वारासिवनी तहसील में रिकॉर्ड की गई है। इस प्रकार जिले में चालू वर्षा सत्र में अब तक कुल 300 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है।

### विधायक पटेल, एसडीओपी अभिषेक चौधरी के आस्वाशन के बाद खुला मार्ग

# घरो में अंदर पानी घुसने के चलते वार्डवासियो ने वारासिवनी-लालबर्रा मार्ग पर किया चकाजाम





हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

बीती रात्रि से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से एक ओर जहां किसानों के चेहरे में खुशी की लहर है तो वही दूसरी ओर लोगो का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है ग्रामीण क्षेत्रो से शहर क़ो जोड़ने वाले मार्ग पर पड़ने वाले नदी नालो के ऊपर से पानी बह रहा हैं जिससे आवाजाही बंद हैं वही पुलिस विभाग भी मुस्तैद हैं और ग्रामीण क्षेत्रो में किसी भी प्रकार से कोई हादसा ना हो अपनी नजर बनाए हूए हैं वारासिवनी से डोंगरमाली जाने वाले मार्ग पर पड़ने वाले महाराजपुर नाले के ऊपर से पानी बह रहा हैं जिससे यह मार्ग पूर्णतःबंद हो गया हैं वहीं शहर के विभिन्न वार्डों से मिल रही शिकायत के बाद विधायक विवेक विक्की पटेल ने नपा के कर्मचारियों के साथ पहुंचकर वार्ड़ो का निरिक्षण किया।

#### वार्ड 5 के रहवासियो ने वारासिवनी-लालबर्रा मार्ग पर किया चकाजाम

लालबर्रा मार्ग पर बारिश का पानी घरो के अंदर घुसने से नाराज नगर के वार्ड वासियो ने नगर पालिका के खिलाप आक्रोश व्यक्त करते हूए वारासिवनी-लालबर्रा मार्ग पर चकाजाम कर दिया जिससे यह मार्ग लगभग आधे घंटे तक बंद रहा और नगर पालिका के खिलाप नारे लगाते हूए जल्द निराकरण की बात करते रहें चकाजाम की जानकारी मिलते ही विधायक विवेक विक्की पटेल और एसडीओपी अभिषेक चौधरी मौके पर पहुँचे और वार्ड वासियो से चर्चा कर जल्द निराकरण की बात कहीं जिसके बाद वार्ड वासियो ने मार्ग खोला।

#### पार्षद की नगर पालिका में नही होती कोई सुनवाई केः विकास दलवानी

वार्ड 5 के निवासी विकास दलवानी ने कहा की कई वर्षो पूर्व यहां नाला था मगर कुछ लोगो द्वारा बंद कर दिया हैं जिससे हर वर्ष बारिश का पानी घरो के अंदर किचन तक चला जाता हैं कई बार पार्षद क़ो इसकी शिकायत की गई उनका हमको साथ जरूर मिलता हैं मगर उनकी नगर पालिका में कोई सुनवाई नही होती जिससे यहां की स्थिति जस की तस बनी हुई हैं इसलिए हमारे द्वारा चकाजाम किया गया था।

#### विकास की ढोंग पिटती नगर के कई वार्डों में मकान के अंदर घुसा पानी

विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा की वारासिवनी नगर पालिका के वार्ड का क्या हाल हैं ये जनता खुद बता रही है पहली ही बारिश के चलते पूर्व विधायक के वार्ड सहित शहर के सैकड़ो मकानों के अंदर बारिश का पानी प्रवेश कर चुका हैं इससे समझ आता हैं नगर के विकास का क्या हाल होगा पूर्व विधायक के वार्ड वासियो ने नगर पालिका के खिलाप आक्रोश व्यक्त करते हूए चकाजाम किया नगर पालिका सीएमओ क़ो मौके पर बुलवाकर तत्काल समाधान किया गया जिससे बाद चकाजाम समाप्त किया गया।

## आपातकालीन स्थिति में चिकित्सकीय सेवा का सराहनीय उदाहरण



### रात्रि 10:30 बजे हुई सड़क दुर्घटना में घायलों को तत्काल सहायता

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

06 जुलाई को खंड चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरनापुर, डॉ. वर्ष चौबे (Dr. Varsh Choubey) अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर ड्यूटी समाप्ति उपरांत किसी आवश्यक कार्य हेतु बालाघाट जा रहे थे। रात्रि लगभग 10:30 बजे जब वे रजेगांव के समीप टोल टैक्स के पास पहुँचे, तभी एक डस्टर वाहन जो बालाघाट से ग्राम भुआ (किरनापुर) की ओर जा रही थी, अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई।

उक्त दुर्घटना में वाहन की कंडक्टर सीट पर बैठे श्री रवि ठाकरे गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर उपस्थित डॉ. वर्ष चौबे ने मानवीय संवेदनाएं दर्शाते हुए तुरंत अपनी निजी कार रोकी एवं घायल को तत्काल प्राथमिक उपचार प्रदान किया। तत्पश्चात उन्होंने 108 एम्बुलेंस सेवा को बुलाकर घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, किरनापुर भेजा।

सीएचसी किरनापुर में ड्यूटी पर तैनात डॉ. कीर्तिबाला बांगरे, नर्सिंग ऑफिसर अर्चना खोबरागड़े एवं नर्सिंग ऑफिसर नीता बघेल द्वारा घायल का समुचित एवं तत्परतापूर्वक उपचार किया गया।

डॉ. वर्ष चौबे द्वारा प्रदर्शित संवेदनशीलता, त्वरित निर्णय क्षमता एवं सेवा भावना न केवल विभागीय जिम्मेदारी का उत्कृष्ट निर्वहन है, बल्कि यह समाज में चिकित्सकों की मानवीय भूमिका का भी श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत करता है।स्वास्थ्य विभाग, बालाघाट द्वारा इस कार्य की भूरी-भूरी प्रशंसा की जाती है।

## बारिश ने दि दस्तक, कृषकों के खिल उठे चेहरे



हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

खैरलाजी क्षेत्र में कृषको के लम्बे इंतजार के बाद बारिश ने आखिर दस्तक दे ही दि जिससे कृषक के चेहर खिल उठे। लगातार रविवार देर रात से बारिश जारी है। खेतो में पानी होने से लगी धान की नर्सरी में तीव्र गती बढौतरी होगी और अब धान की रोपाई शुरू होगी । बारिश के चलते तालाबो और ,बोढियो में पानी का ठहराव शुरू हो गया। बीते दिनों में बारिश न होने से कृषको के माते पर चिंता का मंजर साफ साफ नजर आ रहा था , तालाब बोढिया सुखे नजर आ रहे थे लेकिन अब बारिश आने से तालाब बोढियो में पानी जमा हो रहा है। साथ ही खेतो में भी पानी हुआ, जिससे खेतो में धान की रोपाई शुरू होने की संभावना पूरी तरह निमिर्त हुई है। कृषक अब धान की रोपाई की तैयारी में लगेंगे।

## महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के लिए तिथि में की गई वृद्धि

**बालाघाट।** उच्च शिक्षा विभाग ने सत्र 2025-26 में महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के लिए तिथि में वृद्धि की है। उच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा स्नातकोत्तर स्तर (पीजी) सत्र 2025-26 में ऑनलाइन प्रवेश अंतर्गत सीएलसी चरण के लिए अद्यतन समय सारणी जारी की गई है। जारी समय सारणी के अनुसार, सत्र 2025-26 में स्नातकोत्तर कक्षाओं में मेजर माइनर विषयों में एवं मेजर एवं माइनर विषय के अतिरिक्त अन्य विषय में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थी 07 से 10 जुलाई तक ऑनलाइन पंजीयन, आवेदन कर सकेंगे।

पंजीकृत आवेदनों के दस्तावेजों का सत्यापन 7 से 11 जुलाई तक होगा। मेजर माइनर के अलावा अन्य विषयों में आवेदन करने वाले विद्यार्थियों को साक्षात्कार के दिनांक, स्थान एवं समय की सूचना 14 जुलाई को दी जाएगी। मेजर माइनर के अलावा अन्य विषयों में आवेदन करने वाले विद्यार्थियों के साक्षात्कार एवं पोर्टल पर अंकों की प्रविष्टि 16 से 17 जुलाई तक होगी। विद्यार्थियों को महाविद्यालयों में सीट का आवंटन 21 जुलाई को होगा। आवंटित महाविद्यालय में प्रवेश शुल्क का भुगतान 21 से 25 जुलाई तक किया जा सकेगा। आवंटित महाविद्यालय में शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि तक प्रवेश शुल्क का भुगतान किए गए आवेदकों का ही प्रवेश मान्य होगा और प्रवेश शुल्क का भुगतान न होने की दशा में प्रवेश नहीं माना जाएगा।

## रोटरी क्लब ऑफ़ बालाघाट रॉयल ने की बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की घोषणा, संदीप असाटी बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।





रोटरी क्लब ऑफ़ बालाघाट रॉयल ने वर्ष 2025-26 के लिए अपनी नई बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की घोषणा की है। सेवा, नेतृत्व और सामाजिक उत्तरदायित्व के लिए समर्पित रोटरी क्लब ऑफ़ बालाघाट रॉयल ने गत दिनों एक मीटिंग के दौरान क्लब के नव-निर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा की गई। यह अवसर क्लब के लिए केवल नेतृत्व परिवर्तन का नहीं, बल्कि भविष्य के लिए नई ऊर्जा, नई सोच और नए सेवा प्रकल्पों की शुरुआत का प्रतीक भी है।

नए बोर्ड ऑफ डायरेक्टर में अध्यक्ष संदीप असाटी, सचिव आशीष साहू और राजेश गांधी को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा बोर्ड ऑफ डायरेक्टर में पूर्व अध्यक्ष पुरषोत्तम चावला, उपाध्यक्ष अंकित अग्रवाल, रवि सचदेव, संयुक्त सचिव धनेंद्र कुमार राहंगडाले, संतोष नाहर, सर्जेंट एट आर्म्स असीम प्रदीप पाठक, प्रकाश गुरनानी, क्लब मेंटर कमलजीत सिंघ छाबड़ा, क्लब लर्निंग फैसिलिट्रेटर बलजीत सिंघ छाबड़ा, क्लब फाउंडेशन चेयर राजेन्द्र सिंह छाबड़ा, फाउंडेशन को-चेयर जयेश भाई परमार, मेंबरशिप चेयर मुकुल राठौर, यंग लीडर कांटेक्ट सौरभ हरिनखेड़े, यश कारड़ा (को-चेयर), पब्लिक इमेज चेयर लखविंदर सिंघ भंगल, पब्लिक इमेज को-चेयर राहुल तुरकर, इंटरनेशनल सर्विस डायरेक्टरहरजीत पालसिंघ राजपूत,को-डायरेक्टर गौरव कोचर, वोकेशनल सर्विस डायरेक्टर एड. विक्रम भूते, को-डायरेक्टर केशव परिहार, सर्विस प्रोजेक्ट चेयर नरेन्दर सिंघ छाबड़ा,को-चेयर संजय बेदी, अशोक जैनमेडिकल सर्विस डायरेक्टर डॉ. प्रदीप मेश्राम, को-डायरेक्टर बलविंदर पाल सिंघ राजपूत तथा मीडिया डायरेक्टरराजा सोनी और अरविंद अग्निहोत्रीबनाए गए है।

रोटरी क्लब ऑफ बालाघाट रॉयल के नवनियुक्त अध्यक्ष संदीप असाटी एवं सचिव आशीष साहू ने संयुक्त रूप से बताया कि रोटरी क्लब ऑफ़ बालाघाट रॉयल समाज सेवा, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और युवा नेतृत्व जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय रूप से कार्य करता आ रहा है। नई कार्यकारिणी के नेतृत्व में क्लब आने वाले वर्ष में विशेष रूप से संकल्प के साथ निःशुल्क चिकित्सा शिविर एवं स्वास्थ्य जांच अभियान,गरीब विद्यार्थियों के लिए शिक्षा सामग्री वितरण, वृक्षारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम, युवा नेतृत्व विकास कार्यशाला और स्वच्छता, रक्तदान और महिला स्वास्थ्य से संबंधित सामाजिक प्रकल्प के आयोजन करेगा। जिससे निश्चित ही समाज के लोगों को इसका फायदा मिलेगा। उन्होंने बताया कि क्लब का उद्देश्य ही ''सेवा से समाज निर्माण'' है और यह कार्यकारिणी इस संकल्प को पूर्ण निष्ठा के साथ आगे बढ़ाएगी।क्लब अध्यक्ष संदीप असाटी, सचिव आशीष साहू एवं कोषाध्यक्ष राजेश गांधी ने सभी साथियों को नए बोर्ड ऑफ डायरेक्टर में शामिल होने पर शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि यह टीम आने वाले वर्ष में सेवा कार्यों की नई ऊंचाइयां प्राप्त करेगी।

## जिला प्रशासन की आमजन से अपील : वर्षा के दिनों में बाढ़ की स्थिति में सावधानी बरतें

### पुल-पुलियों पर पानी होने की दशा में पार न करें

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मानसून के दौरान भारी वर्षा के कारण जिले में बहने वाली नदियों और नालों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। ऐसी परिस्थितियों में अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए सतर्कता बरतना अत्यंत आवश्यक है। बाढ़ के दौरान पुलों को पार करना और नदियों या नालों में प्रवेश करना अत्यंत खतरनाक हो सकता है। तेज बहाव और बढ़ता जलस्तर जानलेवा साबित हो सकता है। इसलिए बालाघाट जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि बाढ़ की स्थिति में सावधानियां बरतें। यदि नदी या नाले का जलस्तर पुल के ऊपर या उसके आसपास हो, तो उसे पार करने का प्रयास न करें।नदियों और नालों से दूरी बनाए रखें। बाढ़ का पानी अप्रत्याशित रूप से तेज हो सकता है, अतः इसमें प्रवेश न करें। स्थानीय प्रशासन के निर्देशों का पालन करें। बाढ़ चेतावनी और सुरक्षा निर्देशों का सख्ती से पालन करें। बाढ़ एवं अतिवृष्टि की स्थिति में सुरक्षित स्थानों पर रहें, ऊंचे और सुरक्षित स्थानों पर शरण लें।आपकी सुरक्षा आपके हाथ में है। छोटी सी लापरवाही बड़ा खतरा बन सकती है। कृपया सावधानी बरतें और दूसरों को भी जागरूक करें।

## सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़ी जानकारी देने के लिए आकाशवाणी से विशेष वार्ता का हुआ प्रसारण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



सम्पूर्ण देश में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी देने के लिए 01 जुलाई 2025 से विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है, जो कि 03 सितंबर 2025 तक चलाया जाना निर्धारित है। कलेक्टर श्री मृणाल मीणा के मार्गदर्शन में जिले में भी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत जागरूकता कार्यक्रम के ग्राम पंचायत स्तर तथा विकासखंड स्तर पर शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

07 जुलाई 2025 को आकाशवाणी बालाघाट से सामाजिक सुरक्षा योजना पर विशेष परिचिर्चा का आयोजन किया गया। आयोजित भेंटवार्ता में अग्रणी जिला प्रबंधक संजीव कुमार ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के साथ अटल पेंशन योजना के बारे में विस्तार से चर्चा की। वार्ता का संचालन अजय बैस द्वारा किया गया।

अग्रणी जिला बैंक प्रबंधक श्री संजीव कुमार ने बताया कि अटल पेंशन योजना में बालाघाट जिला देश में शीर्ष स्थान पर है। अटल पेंशन योजना, असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले लोग जो 18 से 40 आयु वर्ग के हैं एक निश्चित राशि जमा करने पर इस योजना में शामिल हो सकते है और इस योजना में पंजीकृत व्यक्ति को 60 साल के बाद एक निश्चित राशि की पेंशन मिलने लगती है।

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में मात्र 436 रुपए में एक वर्ष के लिए 02 लाख रूपये का बीमा किया जाता है। इस योजना में 18 से 50 वर्ष के व्यक्ति शामिल हो सकते हैं। इसी तरह प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के मात्र 20 रूपये में 01 वर्ष के लिए 02 लाख रुपए का बीमा किया जा रहा है इस योजना में 18 से 70 वर्ष की आयु के व्यक्ति इस योजना के पात्र हैं। एक या अलग-अलग बैंक, डाकघर में से व्यक्ति केवल एक बैंक, डाकघर खाते के माध्यम से योजना में शामिल होने के लिए पात्र होगा। योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए बैंक, बीसी, डाकघर से संपर्क कर इस योजना का लाभ लिया जा सकता है। सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं के माध्यम से सभी इसका लाभ ले।

## कलेक्टर ने टीएल बैठक में की समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर श्री मृणाल मीणा ने 07 जुलाई को टीएल बैठक में विभिन्न विभागों के समय सीमा संबंधी प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ, सहायक कलेक्टर आकाश अग्रवाल, एसडीएम गोपाल सोनी, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती राजनंदनी शर्मा, डिप्टी कलेक्टर राहुल नायक एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में सर्वप्रथम जिले में उर्वरक की उपलब्धता एवं उसके वितरण की समीक्षा की गई। इस दौरान बताया गया कि जिले में नैनो डीएपी सहकारी समितियों एवं प्राईवेट दुकानों में उपलब्ध है, लेकिन किसानों द्वारा इसके प्रति अधिक रूचि नहीं दिखाई जा रही है। किसानों को नैनो डीएपी के उपयोग के प्रति जागरूक किया जा रहा है। वर्तमान में जिले में 4870 मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध है। जिले को ईफको कम्पनी के खाद की एक रेक शीघ्र मिलने वाली है। यह रेक पारादीप बंदरगाह से आएगी। इसी प्रकार एनएफएन कम्पनी की गुना प्लांट से यूरिया की एक रेक शीघ्र बालाघाट आने वाली है।



### किसानों के लिए उर्वरक की कमी नही होना चाहिए

कलेक्टर श्री मीणा ने उपसंचालक कृषि को निर्देशित किया कि वे जिला विपणन अधिकारी एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अधिकारी के साथ समन्वय कर समितियों के माध्यम से उर्वरक वितरण की कार्ययोजना तैयार करे। जिले में कहीं पर भी उर्वरक की कमी नहीं होना चाहिए। किसानों को उनकी मांग के अनुरूप समय पर उर्वरक उपलब्ध हो जाना चाहिए। उपसंचालक कृषि को निर्देशित किया गया कि किसानों को उनके रकबे के अनुसार उर्वरक क्रय करने की सीमा निर्धारित करे।

### पुल-पुलियों और तालाबों पर साईन बोर्ड लगाने के निर्देश

जिले में हो रही भारी वर्षा की चर्चा करते हुए कलेक्टर श्री मीणा ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि जिले में स्थित सभी पुल-पुलियों पर पानी होने की स्थिति में उन्हें पार न करने की सूचना वाले साईन बोर्ड अनिवार्य रूप से लगे होने चाहिए। पुल-पुलियों पर पानी होने की स्थिति में बैरियर लगाकर मार्ग को बंद करने कहा गया। जिससे कोई भी व्यक्ति बाढ़ की स्थिति में नदी नालों को पार न कर सके। साईन बोर्ड एवं बैरियर लगाने की जिम्मेदारी सड़क जिस विभाग की है उसके अधिकारी की रहेगी। मौके पर साईन बोर्ड एवं बैरियर नहीं पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की चेतावनी दी गई। इसी प्रकार जिले में स्थित तालाबों में भी बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए कि उनमें वर्षा के दिनों में नहाने पर प्रतिबंध है। कलेक्टर श्री मीणा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने मुख्यालय पर रहे और अपने अधीनस्थ कर्मचारियों का भी मुख्यालय पर रहना सुनिश्चित करे।

## महिला एवं बाल अधिकारों तथा भिक्षावृत्ति उन्मूलन के लिए जागरूकता कार्यशाला का हुआ आयोजन

**बालाघाट।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन शक्ति योजना के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए 07 जुलाई को तहसील वारासिवनी के जन शिक्षा केंद्र वारासिवनी एवं जन शिक्षा केंद्र लालबर्रा में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री मृणाल मीणा के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती दीपमाला सोलंकी के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यशाला का नेतृत्व जिला मिशन समन्वयक श्रीमती रचना चौधरी द्वारा किया गया, जिसमें क्षेत्र के शिक्षकों एवं प्रमुख नागरिकों को महिला एवं बाल कल्याण से संबंधित विभिन्न कानूनों और योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर उपस्थित प्रतिभागियों को लिंग आधारित हिंसा की रोकथाम, लैंगिक समानता तथा महिला एवं बाल सुरक्षा से संबंधित कानूनों जैसे- वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन 181,चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम 2013, यौन अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (POCSO) और किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 76 के अंतर्गत भिक्षावृत्ति उन्मूलन संबंधी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई।

